नाम..................... J.R.—1141 अनुक्रमांक.................

अर्द्धवार्षिक परीक्षा, 2021-22

कक्षा—11

विषय—हिन्दी

समय : 3.00 घण्टे] **[पूर्णांक : 80**

नोट—निर्देशानुसार सभी प्रश्न हल कीजिए। प्रश्न पर आबंटित अंक उनके सामने अंकित किए गए हैं।

1. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

"स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम आवश्यक है। व्यायाम दो प्रकार का होता है—मानसिक और शारीरिक। पढ़ना, लिखना, मनन-चिंतन मानसिक व्यायाम के अंग हैं। घूमना, कसरत करना आदि शारीरिक व्यायाम कहलाता है। मानसिक व्यायाम के पश्चात् शरीर को विश्राम देना चाहिए, जिसके साथ यह भी सत्य है कि मानसिक और बौद्धिक व्यायाम में स्फूर्ति के लिए शारीरिक व्यायाम भी आवश्यक है। जो लोग शारीरिक व्यायाम को अपने जीवन का लक्ष्य बना लेते हैं, उनके लिए व्यायाम का क्षेत्र अलग है। ऐसे लोगों के लिए यह व्यायाम आगे चलकर पहलवानी का उद्देश्य बन जाता है।"

(क) व्यायाम के कितने प्रकार हैं और मानसिक एवं शारीरिक व्यायाम के अन्तर्गत सामान्यत: क्या-क्या क्रियाएँ समाहित हैं ? 2

(ख) शारीरिक व्यायाम मात्र पर ध्यान देने वालों का क्या प्रमुख उद्देश्य होता है ? 2

(ग) मानसिक व शारीरिक व्यायाम में परस्पर क्या सम्बन्ध है ? 2

(घ) व्यायाम क्यों आवश्यक है ? 2

(ङ) मानसिक व्यायाम के पश्चात् किसे विश्राम देना चाहिए ? 1

(च) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए— 8

(क) जीवन में खेलों का महत्व (ख) विद्यार्थी और अनुशासन

(ग) ऑनलाइन शिक्षा (घ) प्रदूषण की समस्या।

3. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

अथवा

चरित्र प्रमाण-पत्र हेतु शाला के प्राचार्य महोदय को आवेदन पत्र लिखिए।

P.T.O.

https://www.cgboardonline.com

4. पथिक का मन कहाँ विचरना चाहता है ? 2

5. कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है ? 2

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग-बिरंग निराला।
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ में वारिद माला।
नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपर नील गगन है।
धन पर बैठ, बीच में विचरूं यही चाहता मन है।।

(क) कवि किसके रूप पर मोहित है और क्यों ? 2

(ख) रवि के सामने कौन नृत्य कर रहे हैं ? 2

(ग) कवि के मन में क्या चाहत है ? 2

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी जी का ही राज है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती है। लेटे ही लेटे गर्व से बोले—चलो, हम आते हैं। यह कहकर पंडित जी ने बड़ी निश्चिन्तता से पान के बीड़े लगाकर खाए. फिर लिहाफ ओढ़े हुए दरोगा के पास आकर बोले—बाबूजी, आशीर्वाद। कहिए, हमसे ऐसा कौन-सा अपराध हुआ कि गाड़ियाँ रोक दी गयीं। हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपा दृष्टि रहनी चाहिए। वंशीधर रुखाई से बोले—सरकारी हुक्म।

(क) लक्ष्मी जी के बारे में पंडित जी का क्या विश्वास था ? 2

(ख) गाड़ी पकड़े जाने की खबर पर उनकी क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों ? 2

(ग) वंशीधर की रुखाई का क्या कारण था ? 2

(घ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 1

8. सत्यजित राय को फिल्म की शूटिंग के लिए कौन-सा गाँव अच्छा लगा और क्यों ? 3

https://www.cgboardonline.com

9. 'घर की याद' कविता का उद्देश्य बताइये। 3

अथवा

'वे आँखें' कविता का उद्देश्य बताइये।

10. कबीर ने ऐसा क्यों कहा है कि संसार बौरा गया है ? 3

अथवा

कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है ?

11. भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया ? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया ? 3

12. बारिश का दृश्य चित्रित करने में क्या मुश्किल आई और उसका समाधान किस प्रकार हुआ ? 3

अथवा

'शिवशंभू की दो गायें' की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

13. मियां नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है ? 3

अथवा

कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा ?

14. "पथेर पांचाली" फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ? 3

अथवा

लेखिका मियां नसीरुद्दीन के पास क्यों गयी थी ?

15. सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबों का प्रयोग हुआ है ? 3

अथवा

"नारी को समाज में आज भी उचित सम्मान नहीं मिल रहा।" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। https://www.cgboardonline.com

16. लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है ? आपको लता की गायकी में कौन-सी विशेषताएँ नजर आती हैं ? 4

https://www.cgboardonline.com

अथवा

दिनों-दिन बढ़ती पानी की समस्या से निपटने में राजस्थान की रजत बूँदें पाठ आपकी कैसे मदद कर सकता है तथा देश के अन्य राज्यों में इसके लिए क्या उपाय हो रहे हैं ?

17. "आलो-आंधारि" रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है। किन्हीं दो प्रमुख समस्याओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 4

अथवा

"नमक का दरोगा" कहानी के आधार पर वंशीधर का चरित्र चित्रण कीजिए।

18. मियां नसीरुद्दीन के चरित्र एवं व्यक्तित्व की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं ? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुएं की गहराई और व्यास में क्या अंतर है ?

19. पाठ के किस अंशों से समाज की यह सच्चाई उजागर होती है कि पुरुष के बिना स्त्री का कोई अस्तित्व नहीं है ? क्या वर्तमान समय में स्त्रियों की स्थिति में कोई परिवर्तन आया है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 4

अथवा

'नमक का दरोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन से दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं ?

---

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.cgboardonline.com